आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 20 मई, 2024
www.azadsipahi.in


### 858 बूथों के लिए रवाना हुई पोलिंग पार्टी, डीसी और एसपी डिस्पैच सेंटर में रहे मौजूद, मतदान आज

# रामगढ़ जिले में 7,42,735 मतदाता करेंगे मताधिकार का इस्तेमाल

- मुस्लिम बहुल इलाके में बनाये गये 32 पर्दानशी बूथ
- रामगढ़ और बड़कागांव विधानसभा में 4048 कर्मचारी करेंगे मतदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गयी है। रविवार को रामगढ़ कॉलेज में बनाये गये डिस्पैच सेंटर से इवीएम और पोलिंग पार्टी को मतदान केंद्र के लिए रवाना किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार और एसपी डॉ बिमल कुमार ने डिस्पैच सेंटर का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने मतदान कार्य में लगे कर्मियों और सुरक्षा में लगे पुलिस जवानों का मनोबल बढ़ाया है। सफलता पूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान केंद्रों पर 22 बड़कागांव के लिए 2156 और 23 रामगढ़ के लिए 1892 मतदान पदाधिकारी लगाये गये हैं।

**मुस्लिम बहुल इलाके में पर्दानशी बूथ पर होगी मतदाताओं की पहचान:** डीसी चंदन कुमार ने बताया कि मुस्लिम बहुल इलाके में 32 पर्दानशी बूथ भी बनाये गये हैं। इन बूथों पर बुर्का में आने वाली महिलाओं की पहचान महिला पदाधिकारियों के द्वारा की जायेगी। इसके अलावा 6 युवा मतदान केंद्र, 6 दिव्यांग मतदान केंद्र भी बनाये गये हैं। जबकि, विशेष थीम के तहत 6 मतदान केंद्र बनाये गये हैं।

**पर्दानशी बूथ पर मतदाताओं की पहचान के लिए तैयार है पोलिंग पार्टी:** जिले में महिला बूथ के साथ-साथ पर्दानशी बूथ भी बनाये गये हैं। उन बूथों पर मतदाताओं की पहचान के लिए पोलिंग पार्टी मजिस्ट्रेट और पोलिंग एजेंट भी मुस्तैद रहेंगे। इवीएम के साथ जाती महिलाओं ने कहा कि पर्दानशी बूथ के लिए प्रशिक्षण पहले से मिल चुका था। छावनी परिषद उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोचरा में बनाये गये बूथ की प्रेजाइडिंग ऑफीसर पिंकी कुमारी ने बताया कि महिला बूथ में उनका नाम भी शामिल है। उनके साथ नसरीन अख्तर नामक महिला कर्मी को शामिल किया गया है। उस बूथ पर बुर्का में आने वाली महिला मतदाताओं की पहचान करने का पूरा प्रशिक्षण पहले ही दिया जा चुका है। सभी मतदाताओं की पहचान करना बेहद आवश्यक है। इसके लिए पोलिंग पार्टी के अलावा एक महिला कर्मी अलग से नियुक्त की गयी है। साथ ही वहां मौजूद पोलिंग एजेंट भी मतदाताओं की पहचान कराने में सहयोग करेंगे।

**गर्मी से बेहोश हुए कर्मी, बारिश ने दी राहत:** रविवार की सुबह मौसम काफी गर्म था, जिसकी वजह से डिस्पैच सेंटर पर मतदान कर्मियों को काफी परेशानी हो रही थी। कई मतदान कर्मी गर्मी की वजह से बेहोश हो गये। जिला प्रशासन के द्वारा डिस्पैच सेंटर पर मेडिकल टीम की व्यवस्था की गयी थी। तत्काल चिकित्सकों ने मतदान कर्मियों को दवाइयां दी दोपहर के बाद अचानक मौसम में बदलाव हुआ और बारिश ने लोगों को राहत पहुंचाई। तापमान में अचानक 5 डिग्री के गिरावट हुई जिसकी वजह से स्थिति सामान्य हुई।




## चुनाव को लेकर प्रखंड में तैयारी पूरी

**मांडू (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव 24 निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर मांडू प्रखंड प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। रविवार को मतदान कर्मी और पुलिस पार्टी इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम और मतदान केंद्र पहुंच गये हैं। वहीं चुनाव को लेकर पुलिस क्षेत्र में लगातार गस्ती करते देखे गये। मांडू में 229 मतदान केंद्रों में एक लाख 90 हजार 508 मतदाता अपना मतदान करेंगे। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 99415 और महिला मतदाताओं की संख्या 91084 हैं। जबकि थर्ड जेंडर 9 हैं। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगाड़ी बूथों में पेय जल, शौचालय और बिजली और अन्य व्यवस्था का जायजा लेते देखे गये। प्रखंड में 12 पर्दानशीन बूथ इसके अलावा यूथ मैनेजमेंट बूथ 1, पीडब्लूडी मैनेज बूथ 1, महिला वर्कर बूथ (पिंक बूथ) 4 और यूनिक बूथ 1 बनाया गया है। प्रखंड के 115 भवन में 229 मतदान केंद्र बनाया गया है। 28 सेक्टर और 6 इंटरमीडिएट स्ट्रॉन्ग रूम बनाया गया है। इसमें प्रखंड में 71 बूथ क्रिटिकल और नन क्रिटिकल 158 हैं। मांडू थाना गेट में प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट और पुलिस प्रशासन के द्वारा रविवार को सघन वाहन चेकिंग लगाया गया। हजारीबाग से रामगढ़ की ओर आ रही सभी वाहनों का सघन जांच किया जा रहा है। वहीं पुलिस लगातार क्षेत्र में गश्ती करते देखे जा रहे हैं। मांडू अंचल अधिकारी मुदस्सर नजर मंसूरी ने प्रखंड में 85 वर्ष से ऊपर आयु वाले और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र लाने के लिए आज प्रखंड से 41 टेंपो को रवाना किया। जिससे बीएलओ मतदाता को मतदान केंद्र पहुंचायेंगे।

## जिले में 742735 करेंगे मताधिकार का प्रयोग

डीसी चंदन कुमार ने बताया कि 742735 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 22 बड़कागांव में 386615 मतदाता हैं, जिनमें 197437 पुरुष, 187375 महिलाएं और 12 ट्रांसजेंडर वोटर शामिल है। 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 356120 मतदाता हैं, जिनमें 181672 पुरुष और 174448 महिलाएं वोटर हैं।

## 466 भवनों में बनाये गये 858 बूथ

डीसी चंदन कुमार ने बताया कि बड़कागांव और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 466 भवनों में 858 बूथ बनाये गये हैं। यहां सारी सुविधाएं मुहैया करायी गयी हैं। 22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लिए 237 भवनों में 456 बूथ बनाये गये हैं। 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए 229 भवनों में 402 बूथ बनाये गये हैं।

## वोटिंग कराने रवाना हुई महिला कर्मी

लोकसभा चुनाव के दौरान रामगढ़ जिले में 12 महिला बूथ बनाये गये हैं। इन सभी स्थानों पर महिला कर्मचारी ही मतदान कार्य को संपन्न करायेगी। इस दौरान कई महिला कर्मचारियों ने चुनाव कार्य के लिए चुने जाने पर खुशी जाहिर की। इवीएम के साथ रवाना हुई निहारिका कुशवाहा ने कहा कि उन्हें चुनाव कराने के लिए चुना गया है, इसकी उन्हें काफी खुशी है। आज वह अपनी पूरी पोलिंग पार्टी के साथ रवाना हो रही है। उनके जैसे 12 टीम बनायी गयी है। महिलाओं में खुशी इस बात की भी है कि मतदान केंद्र पर सुविधाओं का इंतजाम किया गया है। चुनाव में उनका शामिल होना सौभाग्य की बात है। उनके मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए भी काफी सारी सुविधाएं हैं। पेयजल, शौचालय, शेड, रैंप आदि की व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा मतदान केंद्रों पर आसानी से वोट पड़े इसके लिए सुरक्षा के भी इंतजाम किये गये हैं।

# चतरा में मतदान आज 22 प्रत्याशी हैं मैदान में



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** लोकसभा चुनाव 2024 के होने वाले पांचवें चरण के चतरा लोकसभा क्षेत्र के मतदान के लिए शनिवार को चतरा कॉलेज चतरा से जिले के अतिसंवेदनशील सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के 24 बूथ और चतरा विधानसभा क्षेत्र के 08 बूथ, कुल 32 बूथ केंद्रों के लिए पी-2 पार्टी को इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम हेतु डिस्पैच किया गया था। वहीं आज रविवार को सिमरिया विधानसभा के लिए 395 और चतरा विधानसभा के लिए 467 पोलिंग पार्टियों को मतदान कराने के लिए मतदान केंद्रों के लिए इवीएम मशीन और भीभीपैट समेत अन्य आवश्यक सामग्री के साथ मतदान कर्मियों को रवाना किया गया। पोलिंग पार्टी डिस्पैच के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप ने पूरे डिस्पैच प्रक्रिया का निरीक्षण किया और पार्टियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। उपायुक्त ने बताया वैसे मतदाता जिनका नाम मतदाता सूचि में है परंतु उनके पास वोटर कार्ड या मतदाता पर्ची नही हैं वो भी मतदान जिन मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में है परंतु वोटर कार्ड या मतदाता पर्ची प्राप्त नहीं हुआ है, वैसे मतदाता भी फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकते हैं साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप ने लोगों से अपील की आप सभी मतदान करने अवश्य अपने घर से निकल कर बूथ पर जायें, परिवार के साथ जायें और मतदान करें। वहीं अपने आस पास जाने पहचाने वाले लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें।

## कांग्रेस नेता ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**हंटरगंज /चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा लोक सभा के कांग्रेस पार्टी के प्रबल दावेदार रहे अरुण कुमार सिंह ने रविवार को महा गठबंधन प्रत्याशी के एन त्रिपाठी के पक्ष में प्रखंड के दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर पहले मतदान फिर जलपान करने के लिए लोगों को बताया। साथ ही कहा कि महागठबंधन के प्रत्याशी के एन त्रिपाठी को इवीएम मशीन पर दो नंबर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनायें और कांग्रेस समर्थित सरकार बनाने में सहयोग करें। जनसंपर्क अभियान में कांग्रेस के अलावे राजद के नेता राजदेव यादव, दिलीप यादव, जय हिंद पासवान, भूपेंद्र यादव, चंद्रदेव कुमार, मो इस्लाम सहित काफी संख्या में महागठबंधन के नेता और कार्यकर्ता शामिल थें।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों के बीच बांटे भोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बचने आने वाले गरीब-असहायों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने लगभग 150 गरीब-जरूरतमंदों के बीच पुरी-चना का वितरण करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। सबों के सहयोग से पिछले आठ वर्षों से प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों को मंच द्वारा भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, उदयभान दुबे, प्रो रामानुज सिंह, सुकरा करमाली, लखन राम, लालू उरांव, शिवकुमार यादव, कारू यादव, इम्तियाज अली, मो शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा।

## विनोद सिंह ने अंतिम दिन जनसंपर्क करते हुए अपनी ताकत झोंकी



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र झरपो चौरंगी मोड़ में इंडिया गठबंधन से कोडरमा लोकसभा सांसद प्रत्यासी सह बगोदर विधायक विनोद सिंह अंतिम दिन जनसंपर्क करते हुए अपनी ताकत झोंकी और साथ में बरकट्ठा पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव का झरपो चौक पर 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह झरपो पंचायत मुखिया शिबू प्रसाद सोनी, धनेश्वर पासवान, इब्राहिम मियां, जितेंद्र पासवान ने जोरदार फुल माला पहनाकर और बुके देकर स्वागत किया। बता दे की इंडिया गठबंधन लोक सभा प्रत्यासी श्री सिंह ने कहा की कोडरमा की जनता से पुराना संबंध है मैं इसी उद्देश्य से खड़ा हूं और आप सबों के बीच एक-एक वोट मांगने आया हूं मैं बगोदर विधायक रहते हुए भी टाटीझरिया प्रखंड बनाने का मेरा योगदान रहा है आप सभी का स्नेह प्यार मिलेगा तो मैं इस क्षेत्र का विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा की जनता की बीच हमेशा से रहा हूं मैं क्षेत्र में विकास किया हूं और आगे हमेशा करता रहूंगा। मैं इंडिया गठबंधन प्रत्यासी विनोद सिंह एक योग्य और ईमानदार नेता है इनको तीन तारा पर वोट देकर भारी मतों से विजई बनाये यही आप सभी से अपील करने आया हूं इस अवसर पर शेख तैयब, जानकी शर्मा, प्रकाश रवि, बसंत प्रजापति, रवि प्रसाद, मो सुमानी, सुरेंद्र राम, अशोक मुर्मू, प्रकाश सिंह, उमेश कुमार, ज्ञानी राम, भुनेश्वर महतो, बासुदेव महतो, राजेश रवि, विनोद माली सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चेंबर ने पांच स्थानों पर किया प्याऊ का शुभारंभ

- प्याऊ से राहगीरों को मिलेगा शुद्ध पेयजलः विनय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में शहर के पांच अलग-अलग स्थानों पर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। जिसमें, रामगढ़ महाविद्यालय के पास, थाना चौक में बालाजी फर्नीचर के पास, चट्टी बाजार में बागड़िया के बगल में, आनंद अग्रवाल अधिवक्ता के आवास के पास और गोयल फैंसी के बगल में किया गया। रविवार को गोला रोड स्थित अधिवक्ता आनंद अग्रवाल के आवास के पास उषा अग्रवाल, पम्मी पोद्दार और पिंकी अग्रवाल ने संयुक्त रूप से प्याऊ का उद्घाटन किया। जबकि, बगड़िया ब्रदर्स के पास श्याम सुंदर अग्रवाल के द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने कहा कि चैंबर ने पहली बार रामगढ़ शहर में पांच जगह बहुत सुंदर शुद्ध पेयजल का प्याऊ बनवाकर शहर के अलग-अलग स्थान पर इसका शुभारंभ किया गया है। जिससे गर्मी के मौसम में आम जनों के साथ-साथ यहां के व्यापारी वर्ग को भी शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि शहर में और भी पांच स्थानों पर इस तरह के प्याऊ लगाने की योजना है। वही, कार्यक्रम संयोजक इंद्रपाल सिंह सैनी ने कहा कि उनका यह उद्देश्य है की पानी की वजह से किसी भी जान को कोई असुविधा न हो।

मौके पर चेंबर के मानद सचिव मानू चतुर्वेदी, चेंबर के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, आनंद अग्रवाल, विमल बुधिया, विष्णु पोद्दार, श्याम शर्मा, अमरेश गणक, बालकृष्ण जालान, मुरारी अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, गोविंद शाह, राहुल जैन आदि उपस्थित थे।




## लेखा की जांच नहीं कराने वाले दो प्रत्याशियों को दिया गया नोटिस

**चतरा (आजाद सिपाही)।** लोक सभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन व्यय से संबंधित प्रत्याशियों के लेखा जांच के लिए तीन तिथि निर्धारित की गयी है। 09 मई, 14 मई, 18 मई 2024 निरीक्षण के लिए तीसरी तिथि 18 मई 2024 निर्धारित था। परंतु अपराहन 5 बजे तक दो प्रत्याशियों अथवा प्रत्याशियों के द्वारा प्रतिनियुक्त चुनाव अभिकर्ता के द्वारा व्यय प्रेक्षक के समक्ष निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा का निरीक्षण के लिए लेखा व्यय पंजी प्रस्तुत नहीं किया गया और निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये। जिसमें सुमित कुमार यादव पिता-श्री श्रवण कुमार यादव, समता पार्टी ग्राम-सगालीम थाना-पाकी पोस्ट-सगालीम, जिला-पलामू (दिनाक 09 और 18 मई को अनुपस्थित थे तथा अर्जुन प्रजापति, पिता-तपेश्वर प्रजापति, स्वतंत्र, पता अंबाकोठी, मस्जिद रोड, जिला लातेहार शामिल हैं।

## झारखंड की खबरें

## पुलिस प्रशासन चुनाव को लेकर मुस्तैद



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** लोकसभा का मतदान आज होना है जिसको लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने पूर्व संध्या में बड़कागांव विभिन्न गांव गली मोहल्ले और सड़कों में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च बड़कागांव थाना से गुरू चट्टी जीडिएम चौक से लेकर मुख्य चौक, रेंज ऑफिस, मुस्लिम मोहल्ला, बड़कागांव डेली मार्केट आदि चौक-चौराहे होते हुए निकाला गया। मतदान को लेकर प्रखंड के तमाम संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात कर दी गयी है ताकि शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हो सके। वहीं पुलिस ने शरारती तत्वों पर भी पैनी नजर रख रही है। इस पर बड़ागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने आम जनमानस से अपील किया है कि आप लोग निर्भीक होकर मतदान करने घर से निकले और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना हिस्सेदारी दें।

## सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** कोडरमा कोवाड पथ पर जामू के समीप एक टेम्पो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गयी जिसमें पांच लोग गम्भीर रूप से घायल गये। मरकच्चो से जयनगर की ओर जा रही ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गयी जिससे ऑटो पर सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों का प्राथमिक इलाज जामु स्थित एक निजी क्लिनिक में कराकर बेहतर इलाज के लिए बाहर ले जाया गया।

## बच्चों के बीच चित्रांकन और डिबेट कार्यक्रम

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समर्पण और सीएसीएल के संयुक्त तत्वावधान से कोडरमा जिला के बेंदी, गझंडी और जरगा पंचायत में 44 दिवसीय बाल श्रम मुक्त भारत निर्माण अभियान के तहत बच्चों के बीच चित्रांकन और डिबेट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों ने बाल मजदूरी का बहिष्कार करते हुए बाल श्रम करना अभिशाप है के नारे लगाए और बाल मजदूरी से संबंधित चित्रांकन के माध्यम से अपने-अपने कलाओं को प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समर्पण कार्यकर्त्ता, नवीण कुमार, शंकर लाल राणा, नीलेश यादव, मनीष लहेरी, राजेश कुमार,बबिता देवी की भूमिका रही।

## झुमरीतिलैया में निकाली गयी निशान यात्रा

- ताली कीर्तन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** श्याम महिला समिति के तत्वावधान में रविवार को शहर के झंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर से निशान यात्रा निकाली गयी। निशान यात्रा निकालने के पूर्व मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना पुजारी जीवकांत झां ने करायी। इसके बाद एक सुसज्जित वाहन में बाबा श्याम का दरबार सजा। इनके साथ महिलाएं और पुरुष हाथों में बाबा श्याम का निशान लेकर ओवरब्रिज, बस स्टैंड, वीर कुंवर सिंह चौक होते हुए पानी टंकी रोड स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंच कर निशान अर्पित किया। इस दौरान निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालुगण हारे का सहारा श्याम बाबा हमारा के नारे लगा रही थी। वहीं भजन सांवली सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया.., बांस की बंसुरिया पर घणो इतरावा.. जैसे भजनों पर झुमती नजर आयी। इस निशान यात्रा में कृतिका मोदी, अंजुला खाटूवाला, कुसुम चौधरी, पूजा शर्मा, मधु शर्मा, बबिता जोशी, मुरली जोशी, सुशीला देवी, अंजना केडिया, सुमन सर्राफ, सारिका केडिया, प्रीति केडिया, शालिनी सेठ, प्रीति जगनानी, मीना हिसारिया, रितेश कुमार, गोपाल कुमार आदि मौजूद थे। देर शाम मंदिर परिसर में ताली कीर्तन का आयोजन किया गया। प्रयास इस ताली कीर्तन में एक से बढ़ कर एक भजन कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी। इस मौके पर बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया गया। मौके पर भजन गायकों के द्वारा कीर्तन की है रात आज बाबा थाने आनो है.., श्याम हमारे दिल से पूछो तुमको कितना याद किया.., किसी को राम किसी को श्याम किसी को घनश्याम से प्यार है मुझे तो वाह शीश का दानी.., देना है तो दीजिए जनम-जनम का साथ जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। सोमवार को सुबह बारस की ज्योत के साथ खीर चूरमा का प्रसाद बाबा को अर्पण किया जायेगा। मौके पर हिमांशु केडिया, मनोज पिलानिया, संतोष लड्ढा, विपुल चौधरी, संजय नरेडी, प्रो. दीपक सिंह, प्रियांशु कुमार, विष्णु चौधरी, महावीर खेतान, राजेंद्र वर्मा, संदीप हिसारिया आदि मौजूद थे।

## 48 घंटे तक जिले में शराब की बिक्री पर लगी रोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन के स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने संपूर्ण रामगढ़ जिला में लोकसभा आम निर्वाचन मतदान के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक शराब की बिक्री पर रोक से संबंधित शुष्क दिवस (ड्राई डे) घोषित किया गया है। मतगणना के दिन, यदि आवश्यक हुआ तो पुनर्मतदान के दिन को भी शराब की बिक्री पर रोक रहेगी। लोकसभा निर्वाचन के तहत पंचम चरण के लिए 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर संपूर्ण रामगढ़ जिले में 18 मई को शाम 5 बजे से 20 मई के शाम 5 बजे तक और छठे चरण के तहत 25 मई को होने वाले मतदान के लिए संपूर्ण रामगढ़ जिला में दिनांक 23 मई को शाम 5 बजे से 25 मई को शाम 6 बजे तक ड्राई डे घोषित रहेगा। इसके साथ ही मतगणना हेतु निर्धारित तिथि 4 जून को भी संपूर्ण रामगढ़ जिला में ड्राई डे घोषित रहेगा। उपरोक्त घोषित शुष्क दिवस की अवधि में झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से संचालित सभी देशी, विदेशी, कम्पोजिट शराब दुकान, रेस्तरां एवं बार मेसर्स पाली हिल्स विवरी, प्राइवेट लिमिटेड पतरातु, रामगढ़ और अन्य सभी उत्पाद अनुज्ञप्तियां पूर्णतः बंद रहेगी।



## मतदाता अपने मत का प्रयोग जरूर करें: किरण



**गोला (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोक सभा में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए रामगढ़ का सक्रिय समाजिक संस्था अग्रगति लगातार प्रयासरत है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए संस्था ने अपने स्तर से कोई भी कसर नहीं छोड़ी है। ताकि मतदान का प्रतिशत को बढ़ाया जा सके। संस्था के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने आजाद सिपाही को बताया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहां की संघीय सरकार प्रत्येक पांच वर्ष के अंतराल पर चुनाव के माध्यम से चुनी जाती है। यही खूबी है कि देश के नागरिक इस चुनावी प्रक्रिया में सीधे तौर पर भाग लेते हैं। भारतीय संविधान के अनुसार देश में नियमित, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव आयोजित करने का अधिकार निर्वाचन आयोग को प्राप्त है। चुनाव आयोजित करने और चुनाव के बाद के विवादों से संबंधित सभी विषयों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है। ताकि देश में निष्पक्ष चुनाव हो सके।

## 20 मई को अपना मत का प्रयोग अवश्य करें: जिला निर्वाचन पदाधिकारी



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील है कि सभी बूथों पर मतदान कराने हेतु पोलिंग पार्टी को भेजा जा रहा है। आप सभी मतदाता जागरूक होकर अपने मतदान केंद्र पर जाकर 20 मई को अपना मत का प्रयोग अवश्य करें और चतरा जिला को अच्छी पहचान दिलायें। हर एक मतदाता का वोट लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण है। अपने मत का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबुत बनायें।

### मनरेगा मजदूर के घायल होने की खबर आजाद सिपाही में छपने के बाद डीसी ने लिया संज्ञान

# मजदूर ने कहा-सरकारी इलाज से संतुष्ट नहीं पदाधिकारी कह रहे हैं बेड रेस्ट पर है मजदूर

आफताब अंजुम



**गुमला (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड के सालेगुटु पंचायत निवासी मनरेगा मजदूर जॉन (जोहान) सुरीन ढंग से इलाज के अभाव में कल भी बेड में तड़प रहे थे, आज भी बेड में तड़प रहे हैं। बस दोनो दिनों के तड़पने में थोड़ा सा फर्क है। कल यह मजदूर हताश, निराश किसी तरह जीवन काटने पर मजबूर हो कर बेड में पड़ा था, आज इस मजदूर की आंखों में प्रशासनिक मदद और सामाजिक सहायता की उम्मीद जाग गयी है। और यह बदलाव अथवा असर आजाद सिपाही अखबार में खबर प्रकाशित होने का है। प्रशासनिक अधिकारियों -पदाधिकारी कह रहे हैं उक्त मजदूर का विधिवत इलाज हुआ। वह घायल मजदुर एक सप्ताह से अधिक दिनों तक सदर अस्पताल में इलाजरत था। इस बात से किसी को इंकार नहीं। डीएस डा. अनुपम किशोर ने आयुष्मान कार्ड से अपनी देख रेख में बेहतर इलाज किया होगा। लेकिन प्रशासनिक जानकारी और मरीज की कथनी दोनों अलग अलग दिशा में जा रहे हैं। जिला प्रशासन के अनुसार 19 मई को आजाद सिपाही के अखबार में छपी खबर की शीर्षक बेड में पड़ा तड़प रहा है मनरेगा मजदूर, पैसे के अभाव में इलाज नहीं‍ के मुताबिक कामडारा प्रखंड क्षेत्र अंर्तगत सालेगुटु पंचायत निवासी मनरेगा श्रमिक जॉन (जोहान) सुरीन जो मनरेगा योजना के तहत बनाये जा रहे कुएं के निर्माण कार्य में संलग्न थे और कार्य समाप्ति के पश्चात उनका पांव फिसल जाने पर उनके पैर और कमर की हड्डी फ्रैक्चर हो गयी थी, पैसे के अभाव से वे अपना सही से इलाज नहीं करवा सके जिसके कारण उन्हें घर वापस आने की नौबत आन पड़ी, उक्त खबर की पड़ताल के पश्चात यह सूचना प्राप्त हुई कि जॉन सुरीन का इलाज पिछले 8 दिनों से सदर अस्पताल में निः शुल्क किया गया है। सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अनूप किशोर ने जिले के वरीय अधिकारी को जानकारी दी कि जॉन (जोहान) सुरीन को पंचायत मुखिया के द्वारा 2 मई को सदर अस्पताल लाया गया। उनके जांच करने के पश्चात पता चला कि उनके बाएं पैर के एड़ी और कमर के नीचे दोनो पेल्विक हड्डी में हेयर लाइन फ्रैक्चर हुई थी। जिसके पश्चात सदर अस्पताल में जॉन (जोहान) सुरीन का इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निः शुल्क किया गया। जॉन के पैर में हुए फ्रैक्चर में प्लास्टर लगाया गया और कमर में हुए फ्रैक्चर के लिये उन्हें बेल्ट दिया गया और बेड रेस्ट करने के लिए डॉक्टर के द्वारा सलाह दी गयी। दवाई से लेकर बेल्ट, प्लास्टर तथा एडमिट होने और किसी भी इलाज के लिए जॉन को कुछ भी खर्च करने की आवश्यकता नहीं पड़ी थी। 10 मई को जॉन के साथ आए परिवार के सदस्यों ने कहा कि जॉन घर पर रह कर आराम कर लेंगे और डॉक्टर के कहे मुताबिक ही वे अपना ध्यान रखेंगे। और उन्होंने अस्पताल से जरूरी दवाई लेकर अपना डिस्चार्ज करवा लिया तथा डिस्चार्ज पेपर भी गलती से अस्पताल में ही छोड़ गये। अब जॉन अपने घर में रहकर बेड रेस्ट कर रहें हैं लेकिन जॉन सुरीन कहते हैं कि घटना के बाद मुखिया का अता पता नहीं था। कुछ सहकर्मी मजदुर और मेट उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे थे। जॉन कहते हैं कि सदर अस्पताल से खाना पीना इंजेक्शन आदि मुफ़्त में मिल रहा था। मगर दवाईयां बाहर से लानी पड़ती थी। प्रशासनिक पदाधिकारियों कह रहे हैं कि जॉन बेड रेस्ट लेने घर गए हैं, लेकिन जॉन कहते हैं कि वह इलाज से संतुष्ट नहीं थे इस लिए घर में रह कर किसी तरह से प्राइवेट इलाज करा रहे हैं। अब किसकी बात पर विश्वास किया जाए यह फिलहाल समझ से परे है। लेकिन इसी बीच जॉन के लिए राहत भरी खबर यह है कि उनके इलाज के लिये उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। आजाद सिपाही से उपायुक्त ने वार्ता के दौरान बताया कि मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना के तहत भी जॉन सुरीन के लिए सहायता राशी स्वीकृत की जा रही है। जो उसके आगे के इलाज में अहम भूमिका अदा करेगी।

### पालकोट के बीडीओ अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को करते हैं अपमानित

# रोक दिया गया है पिछले दो माह का वेतन

**झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला गुमला की बैठक में उठाये गये कर्मचारियों के मुद्दे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला गुमला शाखा की बैठक महासंघ कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता सीताराम साहू ने की। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव भूषण कुमार ने कहा कि जिले के कर्मचारियों को कई समस्याएं हैं लेकिन इस पर करवाई नहीं हो रही है। प्रखंड विकास पदाधिकारी, पालकोट द्वारा प्रखंड और अंचल के कर्मचारियों को अपमानित एवं प्रताड़ित करते हैं। साथ ही कर्मचारियों का मार्च-अप्रैल 2024 का वेतन रोक कर रखा गया है। जिसके विरोध में 18 मई को प्रखंड/अंचल के कर्मियो द्वारा प्रखंड कार्यालय पालकोट में धरना दिया गया है।

जिसका महासंघ समर्थन करती है। लोकसभा चुनाव 2024 के अवसर पर काफी कम मानदेय दिया गया है। 10 मई को उपायुक्त से वार्ता में मानदेय बढ़ोत्तरी पर विचार करने का आश्वासन दिया गया था। वहीं दिनांक 11 मई को चुनाव के दौरान तीन कर्मचारियों को बिना गलती का दिन भर थाना में बैठाया गया। जिसका विरोध हम करते हैं। तत्पश्चात बैठक मे उपस्थित प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार रखे। रामनरेश सिंह-कोषाध्यक्ष, हीरालाल साहू, मनोरंजन कुमार, प्रवीण कुमार, सुनील कुमार, बलभद्र नंद, अनूप नंद आदि ने अपने क्रांतिकारी विचार रखे और तत्पश्चात निम्न बिंदुओं पर सहमति बनी। मांग रखी गयी कि स्वास्थ्य विभाग में अनुबंध में कार्यरत एएनएम व जीएनएम को बेवजह प्रतिनियुक्ति पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाये। मानदेय में विसंगितयों को दूर किया जाये तथा अनुभव भत्ता तुरंत दिया जाये।

# रामवरन के घर का ताला तोड़कर दो लाख के जेवरात लेकर उड़े चोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सदर प्रखंड के सिलाफारी गांव निवासी रामवरन साहू के घर में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर दो लाख रुपये का सोने व चांदी का जेवरात चोरी कर ली है। इस बावत रामवरन साहू ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर चोरी की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। थाना में दिये आवेदन में रामवरन ने कहा है कि उनका नया मकान सिलाफारी स्थित पेट्रोल पंप के समीप है।18 मई को वे सिलाफारी गांव स्थित पुराने घर मे थे। जबकि नए घर मे ताला लगा हुआ था। जब 19 मई को नये घर मे पहुंचे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। फिर अंदर घुस कर देखे तो सारा सामान बिखरा हुआ था।साथ ही घर के अंदर रखे दो पीस सोने का ब्रासलेट, एक पीस सोने का अंगूठी, एक पीस चांदी का पायल समेत अन्य चांदी का सामान गायब है। जिसकी कीमत करीब दो लाख रुपये का है।

रामवरन ने कहा कि अज्ञात चोरों ने घर मे चोरी की है। वे काफी मेहनत से कमाई कर बेटे बेटियों का विवाह के लिए जेवरात इकट्ठा कर रहे थे।

# किलेसेरा में बजरंगबली मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा आगामी 23 मई को

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोलबा।** बजरंगबली प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर भक्ति धारा का प्रवाह किया जायेगा धार्मिक अनुष्ठान के साथ क्षेत्र में जागृति का प्रयास किया जायेगा बोलबा प्रखंड के किलेसेरा में आगामी 23 मई को बजरंगबली मूर्ति का प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । आयोजन समिति ने बताया कि मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा धार्मिक अनुष्ठान के साथ फर्स्ट प्रहरी महायज्ञ में हिंदू जागरण व राम नाम का अखंड जाप में जिले वासियों से भाग लेने का आग्रह किया गया है 23 मई 2024 को प्रातः 6 बजे कलश यात्रा, 8 बजे बजरंगबली हनुमान मूर्ति का प्राण-प्रतिष्ठा, प्रातः 8 बजे से अष्ट प्रहरी अखंड हरि कीर्तन नाम यज्ञ आरंभ होगी। कहा कि फर्स्ट अप्रैल हरि नाम यज्ञ में कई प्रसिद्ध कीर्तन मंडलीय भाग लेंगी। विभिन्न गांवों से कीर्तन मंडली को आमंत्रित किया गया है। धार्मिक अनुष्ठान में समाज के वरिष्ठ लोगों को भी आमंत्रित किया गया है । कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस मौके मधु तिर्की, धनीराम बेहरा, पलटन बेहरा, चक्रधर महानदिया, नकुल मांझी, ललन मांझी, जुगल बेहरा और अन्य लोग मौजूद रहे।

# हरिकीर्तन सह कलश यात्रा का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** प्रखंड के पंथा लोवाकेरा में रविवार को बैशाख शुक्ल पक्ष एकादशी के अवसर पर अखंड हरिकीर्तन सह कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में लोवाकेरा सहित आस पास के गांव टोलो से सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा लौवाकेरा स्थित मंडप से शुरू होकर मुंडा टोली नदी गयी जहां पुरोहित करुणाकर दास द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर जल उठाया गया जहां से लोवाकेरा मंडप पहुंचकर कलश स्थापना किया गया। इसके साथ ही अखंड हरिकीर्तन आरम्भ किया गया। कार्यक्रम में भालुलता, खुटगांव, लोयेंगा, सुरहु नवाटोली, करंजकुरा, निनई आदि गांवों के कीर्तनमंडली शामिल हुए। अखंड हरिकीर्तन को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया।

## दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत में सवार घायल

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चापाटोली मोड़ के समीप रविवार को दो मोटरसाइकिल की आपस की टक्कर में घाघरा के लरंगो बरटोली निवासी सुरज साहू 25 वर्ष घायल हो गया। जबकि दूसरा मोटरसाइकिल सवार मौके से भाग निकला बताया जाता है कि सूरज अपने निजी कार्य को लेकर चपाटोली आ रहा था तभी बिशुनपुर की ओर से जा रही एक मोटरसाइकिल सवार से सीधे भिड़ंत हो गयी। इधर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति ठीक बताई जा रही है प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतना जोरदार था कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गये। और बाइक सवार सड़क के किनारे दूर जा गिरे। जिस करण सवारो को हल्की-फुलकी चोट लगी। बिशुनपुर पुलिस ने मोटरसाइकिल जप्त कर बिशनपुर थाना लाया है।

# होल्डिंग टैक्स भुगतान में 10% छूट का लाभ गुमला को भी मिले : दामोदर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** नगर परिषद गुमला में वर्ष 2024- 25 के लिए ऑनलाइन होल्डिंग टैक्स अदा करने वालों को नगर परिषद दस प्रतिशत छूट देने का प्रावधान करे। और भुगतान का समय 30 जून तक सुनिश्चित किया जाए। उक्त मांग चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने नगर परिषद के प्रशासक से की। उन्होनें इसके अतिरिक्त मांग रखी कि दिव्यांग, सीनियर सिटीजन, आर्म्ड फोर्स, ट्रांसजेंडर को 5 प्रतिशत का लाभ मिले। कसेरा ने गुमला नगर परिषद के प्रशासक से ये मांग करते हुए कहा कि व्यापारिक एवम आम नागरिकों को भी इसका लाभ मिले। उन्होनें रांची नगर निगम में लायी गयी योजना का हवाला देते हुए कहा कि रांची नगर निगम के द्वारा पत्रांक 117 के 24/4/2024 को रांची के लिए एक पत्र निकला गया है।

रांची के तर्ज पर गुमला मे भी इस प्रकार की चिट्ठी निकाल कर इसका लाभ आम नागरिकों को दिलाई जाए।

## जिले में अवैध रूप से बिक रहे नशीले पदार्थों पर रोक लगाने के निर्देश

**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शनिवार को नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर, कारा, खनन और सड़क सुरक्षा से संबंधित संयुक्त समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। नार्को कॉर्डिनेशन की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिले में अवैध रूप से नशीले पदार्थों पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों के बाहर छोटे दुकानों के लगाने जिनके द्वारा नशीले पदार्थों के बिक्री करने की संभावना है, वाले दुकानों को वहां से शिफ्ट करवाने का निर्देश दिया, विद्यालय के बाहर या आस पास गुटखा, पान, सिगरेट आदि की बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को किसी नशीले पदार्थों का लत न लगे इसके लिए नियमित जांच एवं आवश्यक छापेमारी करें। खनन विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने अवैध खनन पर रोकथाम करने के लिए विशेष नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने मुख्य चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को नियमित छापेमारी भी करने पर जोर दिया। सड़क सुरक्षा से संबंधित समीक्षा के दौरान में उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना के मृतकों के परिवारजनों को जल्द ही मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की बात कही। इसके आलावा सड़क दुर्घटना से मृतकों के परिवार जनों को अन्य इंश्योरेंस की राशि, एवं आपदा प्रबंधन समिति से मिलने वाली मुआवजा राशि भी दिलाने के लिए सहयोग करने पर जोर देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना से हुए मृतकों के परिवारजनों को सड़क सुरक्षा के तहत दो लाख रुपये की मुआवजा राशि दी जाती है। इसके अलावा आपदा प्रबंधन से भी परिवारजनों को एक लाख रुपए की मुआवजा राशि प्रदान की जाती है। इसके अलावा यदि मृतक ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना लिया, हो तो वहां से भी उन्हें सहायता राशि मिलती है। साथ ही यदि मृतक द्वारा श्रम कार्ड बनाया गया हो तो उसपर भी सहायता राशि सरकार द्वारा दी जाती है।

## सिसई में दो बाइक में भिड़ंत, दो घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिसई रोड स्थित छठ तालाब के समीप रविवार की अपराह्न अचानक मवेशी के सड़क पर दौड़ जाने से बाइक सवार दो युवक गिरकर घायल हो गये। घायलों में खोरा भकुआ टोली निवासी 20 वर्षीय सुभाष उरांव और पुनई उरांव शामिल है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक काशी टोली शादी समारोह से अपने गांव बाइक से जा रहे थे। तभी छठ तालाब के समीप अचानक एक मवेशी दौड़ गया। घर में बहन की शादी होने के कारण तेज गति से दोनों जा रहे थे। अचानक मवेशी के आ जाने से संभाल नहीं पाए और सड़क पर ही गिर गए घटना में सुभाष को पैर और शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगी जबकि पुनई को हल्की चोट लगी दोनों का सदर अस्पताल में इलाज किया गया।

# मंडल कारा गुमला में जेल अदालत सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झालसा के आदेशानुसार तथा जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र के निर्देश पर रविवार को मंडल कारा गुमला में जेल अदालत सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस संबंध में राम कुमार लाल गुप्ता सचिव विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ने मंडल कारा के बंदियों से कहा कि अगर वह किसी प्रकार अपना वकील नहीं रख पा रहे हैं तो पीएलबी के द्वारा मुझे तुरंत सूचित करें ताकि उसे तुरंत पैनल वकील उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा की कानून संबंधी जितना भी सहायता आप लोगों को दी जानी है वह सहायता विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। किन्ही का जमानत मंजूर हो गया है और वह किसी कारण बस कारा से नहीं निकल पा रहा हो तो भी जो कानूनी सहायता होगा विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा किया जायेगा। लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के बुंदेश्वर गोप ने कैदियों के बीच कानून संबंधी काफी जानकारियां उन्हें प्रदान किया। कहा की आवश्यकता पड़ने पर लीगल डिफेंस काउंसिल आपका सहायता करने के लिए बनाया गया है। आप जब भी जरूरत पड़े हमारी टीम की सहायता ले सकते हैं।उन्होंने कारा से निकलने के बाद लोगों को नशा मुक्ति के बारे में बताया उन्होंने कहा कि अनेक घटनाएं नशा के कारण हो जाती हैं। इसलिए नशा से बचने के प्रयास करेंगे। बाद विवादों से बचाने तथा अच्छा व्यक्ति बनने की सलाह दी। जेल अदालत में स्थाई लोक अदालत के सदस्य शंभू सिंह, एलएडीसी के विद्या निधि शर्मा, इंदु पांडेय, जितेंद्र सिंह, डीएलएसए के कर्मचारी प्रकाश पांडेय तथा मंडल कारा के कर्मचारी गण तथा बंदीगण उपस्थित थे।

# वज्रपात से दो मवेशी की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** रविवार शाम में अचानक आई आंधी पानी के साथ हुई वज्रपात में थाना क्षेत्र के बोरांग निवासी किसान कांग्रेस उरांव के दो मवेशी (बेल) की मौत वज्रपात से हो गयी। जानकारी अनुसार कांग्रेस अपने मवेशियों चराने ले गया था साम जब वह अपने मवेशी को घर ला रहा था तभी हल्की बारिश शुरू हुई और मवेशी एक पेड़ के नीचे चले गए तभी अचानक वज्रपात हुआ और मवेशियों को अपने चपेट में ले लिया। वहीं दूसरा वज्रपात कटिया गांव में हुई जहां गांव निवासी जतरू उरांव का पुवाल का माचा जलकर राख हो गया। जतरू ने बताया कि शाम में पुवाल का माचा में ही वज्रपात हुआ और आग लग गया। देखते देखते आग इतना भड़क गया कि उसे बुझा पाना मुमकिन नहीं था। इधर दोनों पीड़ितों ने निरासी मुखिया पार्वती कुजूर से मिलकर अपनी दुखड़ा बताते हुए उचित मुआवजा दिलाने का गुहार लगाया है इधर मुखिया ने पीड़ितों को कहा कि फोटोग्राफ के साथ आवेदन लिखकर अंचल कार्यालय में जमा करें निश्चित रूप से सरकार की तरफ से मिलने वाला मुआवजा आप सभी को मिलेगा।

# पेयजल स्वच्छता विभाग के प्रखंड को ऑर्डिनेटर मामला मैनेज करने के लिए जल सहियाओं से करते हैं वसूली

विकास कुमार वर्मा

**गुमला।** जिले के कामडारा प्रखंड में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी पंचायतों में शौचालय निर्माण किया जा रहा था। जिसमे कई खामियां भी उजागर हुई थी। लेकिन उन मामलों में विभागीय करवाई होने के बजाये मामला मैनेज किया गया। यह खुलासा कामडारा प्रखंड की एक जल सहिया के बयान से हुआ। जल सहिया के बयान का विडियो आजाद सिपाही के पास सुरक्षित है। शायद यह मैनेज का खेल बड़े पैमाने पर हुआ है जिसके चलते आज भी क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। बताते चलें कि प्रखंड क्षेत्र में शौचालय निर्माण के दौरान शौचालय के लाभुकों के कई घरों में शौचालय निर्माण पूरा भी नही हुआ और उसकी उपयोगिता विभाग के पास जमा कर दी गयी। कइयों के तो शौचालय सिर्फ कागजों में है। इन्हीं अनियमिताओं के विषय में कई बार अखबारों में इसकी खबर प्रकाशित भी हुई है, लेकिन विभागीय उदसीनता या लापरवाही की वजह से इन अनियमिताओं पर कोई खास कार्यवाई नहीं की गई। नतीजन आज भी प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण स्वच्छ भारत मिशन की योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। या यूं कहिए कि क्षेत्र में शौचालय योजना मजाक बन कर रह गया है। इस पर तुर्रा यह है कि विभाग के द्वारा नियुक्त प्रखंड कोऑर्डिनेटर इन मामलों को कुरेद कुरेद कर सहजता से जल सहियाओं से पैसे वसूल रहे हैं। प्रखंड के जल सहियाओं से मामले को मैनेज करने के नाम पर पैसा वसूला जा रहा है। बीते महीनों में शौचालय निर्माण के लाभुकों को रजिस्ट्रेशन के नाम पर सौ सौ रुपये लिए जाने का मामला भी प्रकाश में आया था। इस मामले में जब कोऑर्डिनेटर से बात हुई तो इन्होंने कहा कि मैंने कोई पैसे की मांग नहीं की है। बहरहाल क्षेत्र में ग्रामीणों को स्वच्छ भारत मिशन के तहत मिलने वाला लाभ मिल पायेगा या नहीं इस पर अब सवालिया निशान लग गया है। क्षेत्र में इस तरह के गड़बड़झाले की खूब चर्चा हो रही है ।

# बारिश और तेज हवा के कारण घाघरा सहित आसपास के गांव में सुहाना रहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** झमाझम बारिश से राहत में तब्दील हुआ मौसम, घाघरा सहित आसपास के गांव में रविवार को मौसम सुहाना रहा। साथ ही झमाझम बारिश होने से गर्मी में काफी राहत मिल रही थी। लोगों की चेहरों में मुस्कुराहट आने लगी। मनुष्य तो मनुष्य पशु पक्षी भी इस भीषण गर्मी का दंश झेलने को विवश थे। इसके बाद रविवार के इस बारिश में सभी जीव-जंतु आनंद उठा रहे थे।

बताते चले की इस वर्ष मौसम का पर काफी तेजी से बढ़ता है जा रहा था। बहुत से लोग तो कामकाज छोड़कर घर में दुबक कर बैठने को मजबूर हो गये थे। वही लू लगने से बीमार होने की सूचना आम हो गयी थी। इस बीच मौसम मैं परिवर्तन के साथ-साथ हल्की बारिश से तापमान तेजी से कम हुआ जिससे रविवार को लोगों ने अपना सामान्य जीवन जिया और काफी खुश नजर आए।

